# आडियो-विज़्युअल ई-न्यूज़लेटर

# संग्राम

## वर्ष २०२० – खण्ड १



प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज

Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj

(Formerly Allahabad State University, Allahabad)

# अनुक्रमणिका

अनुक्रमणिका........................२
शुभ संदेश...........................२
मानिनिया कुलाधिपतिजी...२
माननीय मुख्यमंत्रीजी.......३
माननीय उच्च शिक्षा मंत्रीजी..............................३
कुलपति संदेश..................४
कोविड-१९ विषयक सेवा कार्य ..........................................७
खाद्य सामग्री वितरण.......७
खाद्यसामग्री में योगदान करनेवाले कालेजों की सूची ......................................११
घर का बना पुनः उपयोगी मास्क.............................१३
मास्क वितरण अभियान १५
मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में आर्थिक सहयोग.१९
नैक वर्कशाप.......................२०
ई-पाठशाला..........................२१
प्रोजेक्ट – NASI, DST.......२३
सांस्कृतिक कार्यक्रम............२५
पौधारोपण कार्यक्रम............२७
ज़ूम मीटींग द्वारा समस्त कालेजों से संपर्क.................२८
लेख - रोग प्रतिरोधक क्षमता को कैसे बढाएं प्रो. संगीता श्रीवास्तव – कुलपति..........३०
वो सुबह कभी तो आयेगी..!३२


# शुभ संदेश

## माननिया कुलाधिपतिजी





इस ई–न्यूज़लेटर संग्राम का अनावरण दिनांक ०५–०६–२०२०, माननीया कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा किया गया।



आनंदीबेन पटेल
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

राज भवन
लखनऊ - 226 027

सत्यमेव जयते

24 जनवरी, 2020

सन्देश

मुझे यह जानकर अत्यधिक प्रसन्नता हुई कि प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज द्वारा 'न्यूज लेटर' का प्रकाशन किया जा रहा है।

शिक्षा हमें केवल अपने उत्थान तक ही सीमित नहीं करती, बल्कि दूसरे को बेहतर बनाने में हमारी भूमिका को भी सुनिश्चित करती है। इसलिए विद्यार्थियों को सैद्धान्तिक ज्ञान के साथ ही व्यावहारिक ज्ञान भी मिले। मुझे आशा है कि प्रकाशित 'न्यूज लेटर' में ज्ञानवर्द्धक एवं उपयोगी विषय–वस्तु का समावेश किया जायेगा, जो विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें एक नई दिशा देने में सहायक सिद्ध होगी।

'न्यूज लेटर' के सफल प्रकाशन हेतु मैं अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करती हूँ।

( आनंदीबेन पटेल )

# आडियो-विज़्युअल ई-न्यूज़लेटर संग्राम – वर्ष २०२० - खण्ड १

## माननीय मुख्यमंत्रीजी

संख्या-G-170 / CM-2/2020

योगी आदित्यनाथ



मुख्य मंत्री
उत्तर प्रदेश

लोक भवन,
लखनऊ - 226001

दिनांक : 28 JAN 2020

**संदेश**

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है कि प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज द्वारा एक न्यूज लेटर का प्रकाशन किया जा रहा है।

ज्ञान–विज्ञान की विविध शाखाओं में प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कार्यों एवं उपलब्धियों से विद्वत् समाज एवं आमजन को अवगत कराने का प्रयास सराहनीय है। मुझे आशा है कि न्यूज लेटर में पाठकों के लिए उपयोगी सामग्री का समावेश किया जाएगा।

न्यूज लेटर के उद्देश्यपरक प्रकाशन हेतु मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

( योगी आदित्यनाथ )





## माननीय उच्च शिक्षा मंत्रीजी



डॉ० दिनेश शर्मा



उप मुख्यमंत्री
उत्तर प्रदेश

99-100, विधान भवन,
लखनऊ

दिनांक: 23-01-2020

**सन्देश**

मुझे यह जानकर अतीव प्रसन्नता हो रही है कि प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय द्वारा **"न्यूज लेटर"** का प्रकाशन किया जा रहा है। राष्ट्र के नवनिर्माण में विश्वविद्यालयों, शिक्षकों और विद्यार्थियों की अहम भागीदारी होती है, जो अपने नवाचारों, समर्पण और नव दृष्टि से नये युग की संरचना करते अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते है।

प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय स्वयं में ज्ञानोत्कर्ष के साधक के रूप में अग्रसारित होता रहा है। शिक्षा अभिनव संस्कार की दात्री है तथा उसके समुन्नत विकास का प्रथम सोपान है साथ ही शिक्षा मानव के लिए उसके जीवन, स्वतंत्रता, समानता एवं प्रतिष्ठा से जुड़े अधिकरों का जागरण है। आज के वैश्विक समाज में उन्नत शिक्षण प्रणाली के प्रचार और प्रसार की आवश्यकता है।

मैं आशा करता हूँ कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित **"न्यूज लेटर"** के प्रकाशन के माध्यम से छात्रों को संस्कारित करने के साथ–साथ यथेष्ठ समस्त संभाग को मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

(डॉ० दिनेश शर्मा)

प्रो० संगीता श्रीवास्तव जी,
कुलपति,
प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय,
प्रयागराज।

# आडियो-विज़्युअल ई-न्यूज़लेटर संग्राम – वर्ष २०२० - खण्ड १

## कुलपति संदेश

### कोरोना वायरस (कोविड–१९) सम्बन्धी माननीया कुलपति महोदया का सन्देश




Click for Video

एक सामान्य सी दिनचर्या में विश्वविद्यालय की परीक्षाएँ आरम्भ हो चुकी थीं व सुचारू रूप से गतिमान थी कि अचानक परीक्षाओं की गति में विराम लग गया और हम सभी कोरोना वायरस जैसी वैश्विक महामारी के कठिन दौर से गुज़रने लगे। इन दिनों को इतिहास में समाज के एक अंधेरे दौर के रूप में चिन्हित किया जायेगा। एक खतरनाक जानलेवा महामारी की छाया हमें एक अज्ञात व अदृश्य शत्रु की तरह चारों तरफ से घेरे हुए है। भयभीत श्रमिक विभिन्न शहरों से पैदल बच्चों के साथ मीलों का सफर तय करके वापस अपने घर को पहुंचना चाहते हैं। हमारा हृदय इनको देखकर और इनके हौसले व मजबूरी को देखकर द्रवित हो उठता है।

१९१७ में लगभग १०२ वर्ष पुर्व इसी प्रकार एक महामारी आयी थी, जिससे लाखों परिवार प्रभावित हुए थे। वे सभी अनभिज्ञ थे कि ये मृत्यु हो क्यों रही है और इस अन्जान दुश्मन से कैसे लड़ा जाये। उस १९१७ की महामारी ने भारत में अकेले १२ मिलियन लोगों को काल की गोद में सुला दिया था।

आज हम सभी अधिक शिक्षित नागरिक हैं। भारत के प्रधानमन्त्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने समयानुसार परिस्थिति की गंभीरता को देखते हुए बड़े ठोस प्रयास किये कि भारत इस महामारी की चपेट से बचा रहे। परंतु ये हो न सका। सरकार का समस्त तन्त्र लगातार इस महामारी से निपटने को प्रयासरत है। आज हम जब एकांत में बैठते हैं, तो हम सभी का अन्तरमन ये सोचने पर मजबूर हो जाता है के वो मौद्रिक धन नहीं है जो हमारी मदद करेगा बल्कि एक शिक्षित जागरूक नागरिक होना हमारे लिए बेहतर काम करेगा।

हमें व्यक्तिगत स्वच्छता और अपने आस–पास के वातावरण की स्वच्छता के महत्व को पुनर्जीवित करना पड़ेगा। हम सभी भाग्यशाली है कि हम ऐसे देश के वासी है जहाँ पर्याप्त मात्रा में सूर्य की रोशनी है, वृहद नदिया हैं जो हमारे वातावरण में सहभागी हैं। भौगोलिक रूप से हम देश की हरित बेल्ट या ग्रीन बेल्ट में रहते हैं जहाँ गंगा यमुना जैसी वृहद नदियाँ हैं।

परंतु हमें पुनर्विचार करना होगा, नदियों को बचाना होगा, घर, सड़क, मंदिर व शरीर रूपी मंदिर जिसमें हमारी आत्मा रहती है, में पुर्णतः सफाई के नियमों का पालन करना होगा। एक दूसरे से परस्पर दूरी बनाकर भी रखनी होगी। जब हम प्रकृति के नियमों का उल्लंघन करते हैं, तब इस तरह की महामारी बड़ी कठिन आपदा बनकर हमारे सामने प्रत्यक्ष खड़ी हो जाती है। इस समय जनमानस खतरे में हैं। हम सभी को भारत का एक शिक्षित नागरिक होने के नाते स्वयं को भी सुरक्षित रखना है और आस–पास के लोगों को भी जानकारी देकर उनका जीवन भी बचाना है। हमें अपनी आनेवाली पीढियों के लिए भी एक बेहतर हरा–भरा वातावरण देना है। यह भी हम सभी की प्राथमिक ज़िम्मेदारी होनी चाहिए। इतिहास अपने आपको दोहराता है। इसलिए हमें इतिहास से सीख ले लेनी चाहिए ताकि भविष्य सुरक्षित हो सके। इस महामारी से उबरने के बाद जब वो सुबह आयेगी और हम अपने काम पर लौटेंगे तो हमारे मस्तिष्क में व्यवहारिक एवं मानसिक परिवर्तन हो चुके होंगे। दुनिया भी बहुत बदल चुकी होगी। हमारी शिक्षा प्रणाली में पर्यावरण, विज्ञान, स्वच्छता, प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन आदि विषय अनिवार्य विषय में से होंगे। इस कठिन घड़ी में मैं आप सब से कहना चाहती हूं कि आप अपने समय का सदुपयोग करें। 'ई पाठशाला' की पठन सामग्री का लाभ उठाएं।

इस कठिन पल में भी आप से सकारात्मक भाव ही प्रस्फुटित हों। जब कल आप एक सफल और शिक्षित नागरिक के रूप में अपना दायित्व निर्वहन करेंगे तब विश्वविद्यालय को आपको एक सफल जीवन देने का उद्देश्य भी पुष्पित पल्लवित होगा।

इन्हीं शुभकामनाओं के साथ,

प्रो. संगीता श्रीवास्तव
कुलपति

## परीक्षा नियन्त्रक की डेस्क से



प्रो० राजेन्द्र सिहं (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज आदर्श अकादमिक परिवेश के लक्ष्य के साथ सतत् गतिशील है। माननीया कुलपति महोदया के दूरदर्शी और सकारात्मक मागदर्शन और शासकीय मानको आरै निर्देशों के अनुपालन के साथ विश्वविद्यालय अपनी परीक्षाओं को नकलविहीन और शुचितापुर्ण ढंग से सम्पादित करता रहा है आरै आगे भी इसके लिए कृत–संकल्पित है।

विश्वविद्यालय में विषम सेमेस्टर की परीक्षाएँ १५ नवम्बर से शुरू होकर ७ दिसम्बर २०१९ तक सम्पादित हुई। विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं का विवरण निम्नवत् है –

**विषम सेमेस्टर परीक्षा**

| जनपद | नोडेल सेन्टर की संख्या | परीक्षा केन्द्रों की संख्या | सम्मिलित परीक्षार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| प्रयागराज | ०७ | ४८ | ६२१४८ |
| फतेपुर | ०३ | ०८ | ३३४३ |
| कौशाम्बी | ०१ | ०७ | ४१११ |
| प्रतापगढ़ | ०९ | १२ | १७६९८ |
| कुलयोग | २० | ७५ | ८९३०० |

विषम सेमेस्टर की परीक्षाएँ दो पालियों क्रमशः पुर्वान्ह ८ से ११ बजे तक और अपरान्ह १ से ४ बजे तक सम्पन्न हुई। विषम सेमेस्टर परीक्षा में दो परीक्षा केन्द्रों को सामूहिक नकल कराने के आरोप में आगामी तीन वर्षों के लिए परीक्षा से डिबार कर दिया गया। ये परीक्षा केन्द्र हैः

1. राजनरायण पाण्डे डिग्री कॉलेज – बेरुइ, गारापुर, प्रयागराज, (कॉलेज रोड १०३८)
2. हर प्रताप सिंह यादव महाविद्यालय, हण्डिया, प्रयागराज, (कॉलेज रोड १२०२)

विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाएँ ३ मार्च २०२० को प्रारंभ हुई और १७ मार्च को २०२० तक सम्पादित हुई, शेष आगे की परीक्षाऐं, कोरोना संक्रमण के कारण शासकीय निर्देशों के अनुक्रम में अग्रिम आदेश तक के लिए स्थगित की गयी है।

वार्षिक परीक्षाओं (जो अब तक हो चुकी हैं) का विवरण –

| जनपद | नोडेल सेन्टर की संख्या | परीक्षा केन्द्रों की संख्या | सम्मिलित परीक्षार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| प्रयागराज | १९ | १५७ | २१४२२१ |
| फतेपुर | ०८ | ४८ | ४७४२८ |
| कौशाम्बी | ०३ | २५ | १८३९८ |
| प्रतापगढ़ | १० | ७९ | ७०६२९ |
| कुलयोग | ४० | ३०९ | ३५०६७६ |

वार्षिक परीक्षाएँ दो पालियों क्रमशः पुर्वान्ह ९ से १२ बजे तक और अपरान्ह २ से ५ बजे तक सम्पन्न हुई। वार्षिक परीक्षा में रामलखन महाविद्यालय, सोरांव, प्रयागराज (कॉलेज रोड १०९६) को डिबार किया गया है।

उल्लेखनीय है कि माननीया कुलपति महोदया सघन निगरानी–नेतृत्व में पुरूष और महिला उड़ाका दल के साथ परीक्षाओं की नियमित जाचँ के साथ स्वस्थ और श्रेष्ठ परिवेश में सम्पन्न कराया गया।

सादर।

प्रभाष द्विवेदी
कार्यवाहक परीक्षा नियन्त्रक

# आडियो-विज़्युअल ई-न्यूज़लेटर संग्राम – वर्ष २०२० - खण्ड १

## कुलसचिव के डेस्क से



प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज लगातार अपने प्रशासनिक सहित सभी कर्तव्यों के लिए सक्रिय है। वर्तमान में माननीया कुलपति प्रो0 संगीता श्रीवास्तव जी के अमूल्य मार्गदर्शन में अपने लक्ष्य की ओर गतिशील है। विश्वविद्यालय में प्रारम्भ से ही छः विषयों में परास्नातक पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। यद्यपि की अभी तक नियमित शिक्षकों का चयन नहीं हुआ है तथा विश्वविद्यालय में नियमित शिक्षकों की नियुक्ति हेतु माननीया कुलपति महोदया से अनुमति प्राप्त कर नवम्बर २०१९ में विज्ञापन जारी किया गया है, जिसके सापेक्ष शीघ्र ही नियुक्तियाँ की जायेगी।

विश्वविद्यालय में शिक्षणेत्तर श्रेणी के कुल ३६ पद शासन द्वारा सृजित है तथा इन पदों पर नियुक्ति हेतु अधीनस्थ चयन सेवा आयोग लखनऊ को चयन हेतु निवेदन किया गया है। विश्वविद्यालय में आउटसोर्सिंग के कुल ६२ पद शासन द्वारा सृजित किये गये हैं, जिसमें से ४६ पदों पर कर्मचारी कार्यरत हैं।

विश्वविद्यालय के मुख्य भवन के निर्माण हेतु शासन द्वारा सरस्वती हाईटेक सिटी, नैनी प्रयागराज में ११२.६४ एकड़ भूमि चिन्हित की गयी है, जिसमें उ. प्र. राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, लखनऊ के द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्यों की प्रगति हेतु माननीया कुलपति महोदया द्वारा समय–समय पर समीक्षा की जाती है।

अन्त में मैं आभारी हूँ विश्वविद्यालय परिवार की मुखिया माननीया प्रो. संगीता श्रीवास्तव, कुलपति महोदया जी का जिनके अनुभवों की छाया एवं मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय अपने वास्तविक लक्ष्यों की प्राप्ति की ओर अग्रसर है। माननीया कुलपति महोदया की प्रेरणा से ही आज विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों का विस्तार, छात्रहित में ई–पाठशाला का प्रारम्भ, डिजिटलाइजेशन का वृहद प्रसार, शिक्षक श्रेणी के पदों का विज्ञापन, निर्माण कार्यों में तेजी आदि कार्य सम्पन्न हो रहे हैं। माननीय कुलपति महोदया के निर्देशन में प्रकाशित हो रही 'न्यूज लेटर' के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ साथ ही मेरी यह कामना है कि यह पत्रिका अपने अभीष्ट को प्राप्त करेगी।

(शेषनाथ पाण्डेय)
कुलसचिव

## लेखाधिकारी की डेस्क से



वैश्विक महामारी कोरोना वारयस (कोविड–१९) के दृष्टिगत केन्द्र व राज्य सरकार अपने–अपने स्तर से आवश्यक कदम उठाते हुए इस महामारी से लड़ रही है। राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर प्रदान किए जा रहे दिशा–निर्देशों के क्रम में प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज भी इस महामारी के विरूद्ध लड़ाई में दृढ़संकल्पित है। लॉकडाउन के दौरान विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों से राहत सामग्रियां प्राप्त करते हुए जरूरतमंद लोगों को विश्वविद्यालय द्वारा निरन्तर उपलब्ध कराया जा रहा है,

वितरण कार्य में पुलिस प्रशासन का भी सहयोग लिया जा रहा है जिससे कि राहत सामग्रियां वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचायी जा सके। प्रदेश के तेजस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन में 'मुख्यमंत्री का पीड़ित राहत कोष' में सहायता हेतु विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों से डिमाण्ड–डंाफ्ट भी प्राप्त किए जा रहे हैं जिन्हें एकत्रित कर माननीया कुलपति महोदया द्वारा मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश को प्रदान किया जाएगा।

विश्वविद्यालय द्वारा 'मुख्यमंत्री का पीड़ित राहत कोष' में सहायता हेतु प्रयास किया गया है। विश्वविद्यालय के अधिकारियों, अतिथि प्रवक्ताओं तथा कर्मचारियों द्वारा अपने दो–दो दिनों का वेतन सहायता स्वरूप प्रदान किया गया है, जिसका डिमाण्ड ड्राफ्ट तैयार करते हुए धनराशि को माननीया कुलपति महोदया द्वारा मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश को उपलब्ध कराया जाएगा।

# आडियो-विज़्युअल ई-न्यूज़लेटर संग्राम – वर्ष २०२० - खण्ड १

उत्तर प्रदेश शासन, कार्मिक अनुभाग–४ के कार्यालय ज्ञाप संख्या–७/२०२०/३१५/ सामान्य–का–४–२०२० दिनांक १७ अप्रैल, २०२० तथा उत्तर प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा अनुभाग–3 के शीर्ष प्राथमिकता कार्यालय आदेश संख्या–९०२/सत्तर–३–२०२० दिनांक १७ अप्रैल, २०२० के आलोक में माननीय कुलपति महोदया के आदेशानुसार विश्वविद्यालय के सभी कार्यालय दिनांक २०.०४.२०२० से खोले गए। कार्यालय खुलने के पश्चात् लम्बित पत्रावलियों का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जा रहा है। कार्यालय में सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्ण रूप से अनुपालन कराया जा रहा है।

माननीया कुलपति महोदया के मार्गदर्शन में प्रकाशित हो रही कोरोना स्पेशल 'ई–न्यूज़ लेटर' के लिए शुभकामनाएँ देता हूँ। घर में रहें, सुरक्षित रहें।

(कौशलेन्द्र सिंह)
लेखाधिकारी

## कोविड–१९ विषयक सेवा कार्य

### खाद्य सामग्री वितरण





Prayagrajnews
14 mins

जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी ने श्रमिकों के लिए बनाये गये बाटी-चोखा को चखकर उसकी गुणवत्ता को परखा

जिलाधिकारी प्रयागराज भानु चन्द्र गोस्वामी ने नैनी स्थित राज्य यूनिवर्सिटी में बनाये गये अस्थायी आश्रय स्थल व ब्वायज हाईस्कूल में बनाये गये आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। राज्य यूनिवर्सिटी पहुंचकर अस्थायी आश्रय स्थल में श्रमिकों व उनके परिवार का हाल-चाल जानते हुए उनसे यहां पर उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने वहां पर आज बनाये गये खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जानकारी ली एवं खुद भी श्रमिकों के लिए बनाये गये बाटी-चोखा को चखकर उसकी गुणवत्ता को परखा।



# आडियो-विज़्युअल ई-न्यूज़लेटर संग्राम – वर्ष २०२० - खण्ड १







S










# आडियो-विज़्युअल ई-न्यूज़लेटर संग्राम – वर्ष २०२० - खण्ड १












# आडियो-विज़्युअल ई-न्यूज़लेटर संग्राम – वर्ष २०२० - खण्ड १














**कौशाम्बी में खाद्य सामग्री वितरण**

# घर का बना पुनः उपयोगी मास्क

## स्वास्थ्य, मानवता: कोविड–१९ एवं मास्क निर्माण



कोरोना वायरस (कोविड–१९) से बचाव के लिए सरकार द्वारा मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। बाजार में N 95 मास्क की लगातार कमी रही है ऐसे में डॉक्टर्स का कहना है कि घर में बनाये गये मास्क कारगर साबित हो सकते हैं। यही इस आपदा से बचने का एक सरल उपाय है।



इसी क्रम में कोविड–१९ के इस अज्ञात, अंजान संक्रमण से पीड़ित जनमानस के उपयोग हेतु प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज द्वारा सूती कपड़ों के थ्री लेयर मास्क तैयार किये गये। यह कार्य माननीया कुलपति महोदया प्रो. संगीता श्रीवास्तव के प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन से आरम्भ हुआ। शोध छात्राओं द्वारा घर में पुराने धुले हुए सूती दुपट्टों, कपड़ों आदि का इस्तेमाल करके १००० मास्क का निर्माण किया गया।

पुराना धुला हुआ सूती कपड़ा न सिर्फ मुलायम होता है बल्कि इसे पानी में उबालकर, सेनीटाइज करके बार–बार इस्तेमाल किया जा सकता है एवं गरम वातावरण में भी सूती मास्क का उपयोग कम कष्टकारी होगा।

प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज द्वारा बनाये गये मास्क का वितरण प्रयागराज के 8 सरकारी एवं निजी अस्पतालों में किया गया।

साथ–ही–साथ माननीया कुलपति महोदया द्वारा ट्रैफिक पुलिसकर्मियों, जरुरतमंदों, रिक्शेवालों एवं सफाईकर्मियों आदि को मास्क वितरित किया गया।

जिलाधिकारी, प्रयागराज द्वारा विश्वविद्यालय के इस प्रयास को सराहा गया।







कुलपति द्वारा सिलाई में श्रमदान




शोध विद्यार्थी एवं प्राध्यापकों द्वारा मास्क सिलाई



























# मास्क वितरण अभियान

रिक्शाचालकों को वितरण





पुलिस कर्मी को वितरण

यातायात पुलिस कर्मी को वितरण












# आडियो-विज़्युअल ई-न्यूज़लेटर संग्राम – वर्ष २०२० - खण्ड १

## विभिन्न चिकित्सालयों एवं जिलाधिकारी, प्रयागराज द्वारा प्रदत्त सराहना प्रमाणपत्र



DR. AJAY K. BHARDWAJ
M.S. (OPH.)
Consultant Ophthalmologist
Reg. No. 40748
C.M.O. Reg. No. 2092/2622

Allahabad Ophthalmic Centre
29A/26, Sarojini Naidu Marg
(Near A.G. Office Crossing)
(Opp. Y.M.C.A.) Allahabad - 211 001
Tel.: 0532 - 2622494, 7510097999

Date 13-05-2020

To,
Prof. Sangita Srivastava
Vice-Chancellor
Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University,
Prayagraj.

Respected Madam,

Allahabad Ophthalmic Centre highly appreciates the donation of handmade face masks by your esteemed university. Your research scholars & co-workers deserve praising for all creative work under your able guidance.

You truly were able to think out of the box. Your diligent, hand working amazing team has done an exemplary work, in preparing this personal protective masks. We appreciate the washable characteristic of this mask in particular.

I would personally like to thanks you for your contribution in the war against COVID-19.

Thank you and best wishes always,

Dr. Ajay K.Bhardwaj



C.M.O. Reg. No. 1721/2399
Kriti Scanning Centre (P) Ltd.
DUAL SOURCE CT SCANNER, 64 CHANNEL MRI WITH QUIET SUITE SYSTEM, COLOR DOPPLER, ULTRASOUND, 2D ECHO, DIGITAL X-RAY, DEXA BMD, CBCT, OPG, MAMMOGRAPHY
59/18-E Lowther Road, (In front of Medical College), Prayagraj (Allahabad)
Registered Office.: 55-B Lowther Road, Prayagraj (Allahabad)
e-mail: kritiscan@gmail.com • Website: kritiscanningcentre.com
Phones- Reception: 0532-2256805, 2256266 • CT Scan: 2256151 • MRI: 2256100

To,
Prof. Sangita Srivastava
Vice Chancellor
Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University,
Prayagraj

30.04.2020

Respected Madam,

Kriti Scanning Centre highly appreciates the donation of handmade face masks by your esteemed university. Your research scholars & co-workers deserve praising for all the creative work under your able guidance.

You truly were able to think out of the box. Your diligent, hard working amazing team has done an exemplary creativity in preparing this personal protective measure.

I would like to thank you for your contribution in the war against COVID-19.

With lots of thanks & regards.

30.04.2020
Dr Sharad Varma
Chief Operating Officer

Dr. Sharad Varma
Chief Operating Officer
Kriti Scanning Centre (P) Ltd
59/18 E, Lowther Road, Allahabad



Kavindra Pratap Singh
I.P.S.

Inspector General of Police
Prayagraj Range, Prayagraj
Resi : 0532-2260527
Off./Fax : 0532-2260229
CUG : 9454402583
e-mail : digrangeald@gmail.com
Date 12/5/2020

Prof. Sangeeta Srivastava
Hon'ble Vice Chancellor,
Prof. Rajendra Singh(Rajju Bhaiya) University,
Prayagraj (UP)

Respected Madam,


I am grateful to you and your university colleges and their staff for the help during the **lockdown of COVID-19 Pandemic**. Since lockdown started District Police Prayagraj obtained around 1000 dry Rashan packets of 14 Kg each of which contains 5kg Wheat flour, 5kg Rice, 2kg Lentils and 2 Kg Potato from your university for distributing it among the needy daily wagers migrant labours and their family members.

2- Whenever there were need of providing food and grocery items to the needy people, your help was like, **Akshay Patra,** never ending store, to them.In this critical time your kind gesture to serve the cause is a significant help to community.

3- I greatly appreciate and thanks for your support when it was needed. May God bless you the strength and capability to do better in future.

Best Regards,

12/5/2020
(Kavindra Pratap Singh)
Inspector General of Police
Prayagraj Range, Prayagraj



Dr. S.P. Singh (M.S.)
Principal & Dean Faculty of Medicine
Professor & Head Ophthalmology
M.L.N. Medical College, Allahabad
Director
Regional Institute of Ophthalmology
R.D. Eye Hospital, Allahabad

Ref. No.: 703

Date: 13-05-2020

Respected Prof. Sangita Srivastava
Vice-Chancellor
Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University
Prayagraj.

I would like to pay my sincere gratitude for your donation of 100 handmade masks to our hospital. Its very valuable as a protetive gear as well as a kind gesture towards heath care professional of this college. I am highly obliged and always be thankful to you. Your reaserch scholers and others who contributed in it.


Your gesture of humanity in this difficult time of COVID-19 pandemic is highly appreciated.

With warm Regard.

Yours Sincerely
(S.P. Singh)
Principal
M.L.N. Medical College, Prayagraj

Office Address : Dept. of Ophthalmology, M.L.N. Medical College, Lowther Road, Allahabad, U.P. (India) PIN : 211 001
Tel.: +91-532-2256-507 (Off), +91-532-2256-507 (Fax)
Resi Address : 2V/406, M.L.N. Medical College Campus, Allahabad, U.P. (India) PIN : 211 001
Tel.: +91-532-2256-333 (R), +91-532-2242-549 (H)
Web : http://mlnmc.org/ Email : drspsingh999@gmail.com

# आडियो-विज़्युअल ई-न्यूज़लेटर संग्राम – वर्ष २०२० - खण्ड १



Dr. R. C. Sachan
M.B.B.S., M.S. (Surgery)

SACCHAN NURSING HOME
39, Jawahar Lal Nehru Road, Prayagraj
Mob. - 09335106502

Date - 16.05.2020


To,
Prof. Sangita Srivastava
Vice-Chancellor
Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya)
University, Prayagraj

Respected Madam,

Your University has done great service, to us by supplying 50 home made masks. Your letter tells me, that the masks have been hand stitched by your research scholars and some other thoughtful volunteers. Your small gesture will to go a long way, in the service of humanity in such hard times of COVID-19 pandemic. I have been able to supply the masks to some patients, nurses and attendants.

Your sensitivity on this issue is highly appreciated. Best wishes and a big applause for the noble cause. Thanking you again.

(Dr. R. C. Sachan)



Dr. Probal Neogi
M.B.B.S. (AFMC, Pune), M.S. (Surg.)
F.R.C.S. (Edinburgh, U.K.)
Professor Surgery
Post Grad. Dept. of Surgery
M.L.N. Medical College & S.R.N. Hospital, Prayagraj
Consultant Surgeon & Director, Phoenix Hospital
Prayagraj

Phoenix HOSPITAL

Specialist in : ● LAPAROSCOPIC SURGERY ● GASTRO INTESTINAL SURGERY ● CANCER SURGERY

To,
Prof. Sangita Srivastava
Vice-Chancellor
Prof. Rajendra Singh University
Prayagraj


Respected Madam,

Myself on behalf of the management of Phoenix Hospital Allahabad, thank you for the wonderfully tailored hand made masks. This small gesture will go a long way in your contribution to society by providing masks to a lot of patients and attendants who do not have the means to arrange for these.

Your sensitivity to this issue is highly appreciated.

Thanking you.
Yours sincerely
Dr. Probal Neogi

494/163, Tagore Town (Near Colonelganj Inter College), Prayagraj
Phone : 7311137333 (OPD), 09307333390 (OPD), 2465514, 2465215
Timing - 2.00 pm to 4.00 pm & 7.00 pm to 8.00 pm ALL DAYS EXCEPT SUNDAYS



भानु चन्द्र गोस्वामी
आई० ए० एस०
जिला मजिस्ट्रेट एवं कलेक्टर

जिलाधिकारी, प्रयागराज
4, शिवनगर, प्रयागराज – 211002 (आवास)
फोन : 0532 – 2440515 (का०)
0532 – 2250300 (का०)
0532 – 2250400 (आ०)
0532 – 2640296 (फैक्स)

अ०शा० पत्र संख्या/754/एस०टी०
दिनांक- मई 13, 2020

आदरणीया महोदया,

कोविड-19 के दृष्टिगत लाकडाउन के दौरान संकट के दिनों में लोगों का जीवन थम सा गया है और उनकी आजीविका बुरी तरह प्रभावित हुई है। ऐसे कठिन समय में आपके द्वारा गरीबों, असहायों एवं जरूरतमन्दों को सूखे राशन के पैकेट उपलब्ध कराकर मानवता द्वारा झेली जा रही सबसे बड़ी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में गरीबों, असहायों एवं जरूरतमन्दों की आप द्वारा मदद करना हम सभी के लिये प्रेरणा स्रोत के रूप में सम्पूर्ण समाज को सहयोग और मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की दृष्टि से उत्प्रेरक है।

आपके द्वारा गरीबों, असहायों एवं जरूरतमन्दों को सूखे राशन के पैकेट उपलब्ध करवाने एवं प्रवासी श्रमिकों के लिए मार्गस्थ शिविर (Transit Camp) के संचालन के लिए प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय का भवन एवं परिसर प्रशासन को उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से आपका आभार व्यक्त करता हूँ। आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आपका सहयोग जिला प्रशासन को मिलता रहेगा।

सादर।

भवनिष्ठ,
(भानु चन्द्र गोस्वामी)
जिलाधिकारी, प्रयागराज।

प्रतिष्ठा में,
प्रो० संगीता श्रीवास्तव
कुलपति,
प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय,
प्रयागराज।

Scanned with CamScanner

# CONTRIBUTION OF PRSU, PRAYAGRAJ ON COVID-19



| Sr. No. | Items | Total Amount |
|---|---|---|
| 1 | Food Packets | 4500 |
| 2 | CM Fund | 1450400/- |
| 3 | Masks (Home-stitched) | 1000 |



# नैक वर्कशाप

२७ जनवरी २०२० से २९ जनवरी २०२०












इस वर्कशाप का मुख्य उद्देश्य ६२४ कालेजों के प्रिन्सिपलों को NAAC संबंधी समस्त जानकारी देना था। इस वर्कशाप में वकता थे देवेन्द्र कावड़े, हेड आफिस, NAAC, बंगलूरू, प्रो० जे. एन. त्रिपाठी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रो० राजीव मनोहर, लखनऊ विश्वविद्यालय, डा. सुधांशु पंडया, कानपुर विश्वविद्यालय, डा बी के सिंह  व डा शिफाली नन्दन, इलाहाबाद विश्वविद्यालय। प्रो० मनमोहन कृष्णा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# ई–पाठशाला

शिक्षा की सुविधा – ई पाठशाला वेबपोर्टल का शुभारम्भ केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार एवं उच्च शिक्षा अनुभाग – १ उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या ५९१/सत्तर–१–२०२० दिनांक २७ मार्च के अनुपालन के क्रम में प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज की माननीया कुलपति महोदया प्रो. संगीता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में 'ई–पाठशाला' नामक वेबपोर्टल विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट prsuprayagraj.in पर जारी कर दिया गया। 'ई–पाठशाला' शिक्षकों, छात्रों, अभिभावकों, अनुसंधानकर्ताओं और शिक्षाविदों को शिक्षा की सुविधा के लिए शैक्षणिक संसाधनों से युक्त वेबपोर्टल है। विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा 'ई–पाठशाला' पोर्टल पर समस्त विषयों की पठन–पाठन सामग्री अपलोड की गयी है। विश्वविद्यालय ने छात्रहित में 'ई–पाठशाला' की पहल की है जिससे कि छात्र–छात्राएँ आगामी परिक्षाओं की तैयारी सुगमतापूर्वक कर सकें। सभी छात्र–छात्राएँ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 'ई–पाठशाला' लिंक पर जाकर सबसे पहले अपने कोर्स का चयन कर सकते हैं उसके बाद सेमेस्टर का चयन कर सकते हैं और अन्त में अपना विषय चुनकर सम्बन्धित पाठ्य सामग्री को डाउनलोड करके पढ़ाई कर सकते हैं। सभी विद्यार्थी किसी भी महाविद्यालय द्वारा अपलोड किए पाठ्य सामग्री को डाउनलोड कर सकते हैं।

इसी के साथ–साथ शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्सेज (MOOCs) जो कि निःशुल्क ऑनलाइन पाठ्यक्रम प्रदान करता है उसे भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 'ई–कंटेट' लिंक द्वारा उपलब्ध कराया गया।

MOOCs उच्च शिक्षा, कार्यकारी शिक्षा और कर्मचारी विकास के लिए निःशुल्क ऑनलाइन पाठ्यक्रम प्रदान करता है। यह एक दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम है।

'ई–कंटेट' लिंक द्वारा SWAYAM, UGC MOOC, ARPIT, Swayamprabha, National Digital Library of India, E–Shodhsindhu, Shodh ganga, Vidwan आदि ऑनलाइन पाठ्यक्रम संसाधनों का सीधा लिंक जारी किया गया।




सभी उपलब्ध पाठ्यक्रमों के ४ भाग हैं – वीडियो व्याख्यान (Video lecture) खास तौर से तैयार की गयी अध्ययन सामग्री (Study material) जो डाउनलोड की जा सकती है, परीक्षा तथा प्रश्नोत्तरी के माध्यम से स्वमूल्यांकन एवं शंकाओं के समाधान के लिए ऑनलाइन विचार–विमर्श (Online discussion)। इस प्रकार प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय की इस पहल से लॉकडाउन जैसी स्थिति में छात्र–छात्राओं के साथ–साथ शिक्षकों को भी शिक्षा का सुविधा 'ई–पाठशाला' के माध्यम से उपलब्ध हो सकेगी।

# आडियो-विज़्युअल ई-न्यूज़लेटर संग्राम – वर्ष २०२० - खण्ड १

## ई-पाठशाला पर मिलेगी पाठ्य सामग्री

### राविवि की कुलपति ने कॉलेजों के प्राचार्यों से ही वीडियो क्रांफ्रेंसिंग

संवाद न्यूज एजेंसी

प्रतापगढ़। राज्य विश्वविद्यालय की कुलपति ने शनिवार को महाविद्यालय के प्राचार्यों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग से मीटिंग की। प्राचार्यों से कोविड-19 से जुड़ी जानकारी विद्यार्थियों तक पहुंचाने का निर्देश दिया।

मीटिंग के दौरान कुलपति ने कहा कि एनएसएस के स्वयंसेवकों को कोविड-19 से बचाव की ट्रेनिंग दी जाए, ताकि जरूरत पड़ने पर वह स्वास्थ्य कर्मियों की मदद कर सकें। प्राचार्यों से पांच गांव गोद लेने के लिए भी कहा। गांव में पौधे और सोलर पैनल लगवाने का निर्देश दिया। वहीं छात्र-छात्राओं की पढ़ाई की सुविधा के लिए स्टडी मैटेरियल को विश्वविद्यालय की वेबसाइट ई-पाठशाला पर अपलोड करने को कहा। महाविद्यालयों को कम से कम 4 स्मार्ट क्लास रूम भी सेटअप करने को कहा। इसके साथ ही प्रत्येक महाविद्यालय को 20-20 राशन के पैकेट गरीब परिवार को देने की बात कही।

कुलपति प्रो.संगीता श्रीवास्तव ने बताया कि वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्राचार्यों के साथ मीटिंग की गई। कोविड-19 के साथ पठन-पाठन और गांव के विकास के लिए उसे गोद लिए जाने का निर्देश दिया गया।

**पीबी कॉलेज में शुरू हुआ ऑनलाइन शिक्षण**

प्रतापगढ़। पीबी इंटर कॉलेज में ऑनलाइन पठन-पाठन शुरू कर दिया गया है। व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से शिक्षक छात्रों को पढ़ा रहे हैं। विषयों की पाठ्य सामग्री ग्रुप अपलोड की जा रही है। प्रधानाचार्य डॉ. अनूप कुमार सिंह ने बताया कि ऑनलाइन शिक्षण कॉलेज के शिक्षकों द्वारा शुरू कर दिया गया है।

अमर उजाला

प्रयागराज

## राज्य विवि के कॉलेजों में बनेंगे स्मार्ट क्लास रूम

### राविवि से संबद्ध महाविद्यालयों को कुलपति ने दिए निर्देश, जूम एप के माध्यम से की बैठक, 25 मई से परीक्षा की तैयारी

अमर उजाला ब्यूरो



**एनआईओएस ने विद्यार्थियों के लिए शुरू की ऑनलाइन पढ़ाई**

बच्चों और अभिभावकों के पास

## ऑनलाइन पढ़ाई में बढ़े विकल्प

अमर उजाला ब्यूरो

**राज्य विवि के ई-पाठशाला पोर्टल पर मिली सुविधा**

प्रयागराज। प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) राज्य विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर शुरू किए गए ई-पाठशाला पोर्टल पर ऑनलाइन पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए विकल्प बढ़ गए हैं।

ई-पाठशाला पोर्टल पर विभिन्न कॉलेजों ने अपने पाठ्यक्रम और लेक्चर अपलोड कर दिए हैं। छात्र-छात्राओं को सुविधा होगी कि वे किसी भी कॉलेज का पाठ्यक्रम या लेक्चर पढ़ सकते हैं। राज्य विश्वविद्यालय से प्रयागराज, कौशांबी, प्रतापगढ़ और फतेहपुर के 664 कॉलेज संबद्ध हैं। कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव ने कॉलेजों को इसके लिए निर्देश भी दिए थे।

# प्रोजेक्ट – NASI, DST

(An Initiative for Increasing Awareness and Empowerment in Tribal Women of Rewa, MP On Aspects of Health, Hygiene, Sanitation and Empowerment)


















१६ फरवरी, २०२० को आदिवासी महिलाओं को स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं रोज़गार संबंधी प्रशिक्षण





# आडियो-विज़ुअल ई-न्यूज़लेटर संग्राम – वर्ष २०२० - खण्ड १




















# सांस्कृतिक कार्यक्रम

४ मार्च २०२०





















# आडियो-विज़्युअल ई-न्यूज़लेटर संग्राम – वर्ष २०२० - खण्ड १

९ सितंबर २०१९, युनाइटेड कालेज, प्रयागराज












सांस्कृतिक कार्यक्रम, कुलभास्कर आश्रम

# पौधारोपण कार्यक्रम

१८–०२–२०२० को संपन्न हुआ













# ज़ूम मीटींग द्वारा समस्त कालेजों से संपर्क

## प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय में कुलपति महोदया का सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों से वीडियो कार्फ्रें सिग द्वारा सीधा सम्वाद (१६ से १८ अप्रैल, २०२०)

दिनांक १६/०४/२०२० को प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय में कोविड–१९ महामारी को ध्यान में रखते हुए माननीया कुलपति महोदया की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों से वीडियो कान्फ्रैसिंग द्वारा मीटिंग आहूत की गयी। कोविड–१९ महामारी को ध्यान में रखते हुए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए कुलपति महोदया ने वीडियो कार्फ्रेसिंग जूम क्लाउड मीटिंग द्वारा आवाहन किया। बैठक में प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़ एवं फतेहपुर जिले की सभी प्राचार्यों ने प्रतिभाग किया। बैठक लगातार तीन दिनों तक चली। माननीया कुलपति महोदया ने सभी प्राचार्यों से निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की:–


१. सभी महाविद्यालय VSAT माध्यम से कम से कम ४ स्मार्ट क्लासरूम का सेटअप करे जिससे webinar आयोजित किया जा सके और विद्यार्थियों को Personality development, English Speaking, Soft Skills, EQ, IQ, SQ, Marketing Entrepreneurship पर लेक्चर दिया जा सके।
२. कुलपति महोदया ने सभी महाविद्यालयों से स्नातक एवं परास्नातक कोर्स का स्टडी मेटीरियल E-pathshala जो कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर है उस पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें यह निर्देश दिया।
३. सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों को ५ गाँव गोद लेने के २० लिए भी कहा गया और वहाँ पर पौधारोपण, सोलर पैनल आदि की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।
४. टी.बी. से ग्रसित 5 बच्चों के इलाज की सुविधा हर महाविद्यालय कराना सुनिश्चित करें।
५. साथ ही साथ NSS के बच्चों को कोविड–१९ महामारी से लड़ने की टेंनिंग कराएँ जिससे समय पड़ने पर वे सहयोग कर सकें।
६. सभी बच्चों को कम्प्यूटर का ज्ञान उपलब्ध करायें।
७. सभी महाविद्यालयों से यह भी अनुरोध किया वे अपने महाविद्यालय के कमरों को आइसोलेशन वार्ड में बदलने की सुविधा करें एवं इसकी जानकारी विश्वविद्यालय को उपलब्ध करायें।
८. मुख्यमन्त्री राहत कोष में जमा की जाने वाली धनराशि की जानकारी विश्वविद्यालय को जल्द से जल्द उपलब्ध करायें।
९. राशन के २०–२० पैकेट भी देना सुनिश्चित करें ताकि गरीब परिवारों में वितरित किया जा सके जो कि इस कोरोना महामारी से ज्यादार प्रभावित है।
१०. साथ साथ कुलपति महोदया ने यह भी कहा कि यदि लॉकडाउन १५ मई से हट जाता है तो स्नातक की परिक्षाएँ २५ या ३० मई एवं परास्नातक परिक्षाएँ ५ जून से शुरु कराने का विचार है। परीक्षाएँ ऑनलाइन भी करायी जा सकती हैं।
११. माननीया कुलपति महोदया ने कोरोना महामारी से सुरक्षित रहने के उपाय भी साझा किये। उन्होंने कहा कि अपने आस–पास सफाई रखें, व्यक्तिगत स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। मास्क का उपयोग करें घर में बने पुराने सूती कपड़े के मास्क का उपयोग कर सकते हैं। साथ–ही–साथ उन्होंने यह भी कहा कि यदि वे सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया से प्रेरणा लें तो अनेक समस्यायें स्वतः ही सुलझ जाती हैं।


मीटिंग पूरे ४० मिनट तक चली इसी प्रकार अलग–अलग दिनों में अलग–अलग पर कुलपति महोदया प्राचार्यों से सीधा सवाद किया।

रजिस्ट्रार श्री शेष नाथ पाण्डेय एवं परीक्षा नियन्त्रक श्री प्रभाष द्विवेदी लगातार मीटिंग में जुड़े रहे।

# ज़ूम स्क्रीन्स









महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ गुरुवार को ऑनलाइन बैठक करती कुलपति प्रोफेसर संगीता श्रीवास्तव ● जागरण

## लॉकडाउन में उच्च शिक्षा की पढ़ाई 'ऑन'

**राज्य ब्यूरो, प्रयागराज** : उच्च शिक्षा निदेशालय ऑनलाइन पढ़ाई को बढ़ावा देने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। निदेशालय के निर्देश देने के बाद राज्य विश्वविद्यालय व डिग्री कॉलेजों की वेबसाइट में शिक्षक पाठ्य सामग्री अपलोड कर रहे हैं।

प्रदेश के 11 राज्य विश्वविद्यालय, 13 निजी विश्वविद्यालय, 88 राजकीय डिग्री कॉलेज, 56 एडेड डिग्री कॉलेज व 70 निजी डिग्री कॉलेजों में ऑनलाइन पढ़ाई की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। वेबसाइट में आडियो, वीडियो व पीडीएफ के जरिए स्नातक व परास्नातक कोर्स से जुड़ी अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। पाठ्य सामग्री के साथ शिक्षक से संपर्क करने के लिए उनका मोबाइल नंबर व लिंक भी उपलब्ध कराया जा रहा है। दिक्कत होती है तो छात्र-छात्रा

### वीडियो कांफ्रेंसिंग की भी सुविधा

जूम एप के जरिए ऑनलाइन कक्षाएं संचालित होंगी। साथ ही शिक्षकों का लेक्चर यू-ट्यूब के जरिए उपलब्ध कराया जाएगा। बेहतर संपर्क व संवाद स्थापित के लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग की सुविधा भी दिलाई जाएगी। निदेशालय का मानना है कि आज अधिकतर छात्र-छात्राओं के पास स्मार्ट फोन है। इससे वह कहीं से भी वीडियो क्रांफ्रेंसिंग का हिस्सा आसानी से बन सकते हैं। इसके लिए विश्वविद्यालय व डिग्री कॉलेज प्रबंधन से वीडियो क्रांफ्रेंसिंग की दिशा में काम करने का निर्देश दिया है।

" घर बैठे छात्र-छात्रा समय का सदुपयोग कर सकें, उसके मद्देनजर ऑनलाइन पढ़ाई को बढ़ावा दिया जा रहा है। उस दिशा में काम शुरू हो चुका है। जल्द ही हर छात्र व छात्रा

# लेख – रोग प्रतिरोधक क्षमता को कैसे बढाएं
## प्रो. संगीता श्रीवास्तव – कुलपति

**रोग प्रतिरोधक क्षमता (Immunity) इम्यूनिटी क्या है?**

मानव शरीर का इम्यून (Immune) सिस्टम कुछ स्ट्रक्चर्स (Structures) का समूह है, जो शरीर की विभिन्न बाह्य बीमारियों से बचाव करता है। मानव शरीर की प्रतिरोधक क्षमता जब ठीक कार्य करती है, तब वह विभिन्न बैक्टीरिया, वायरस, पैरासाइट्स को शरीर के स्वस्थ ऊतक (टिशू tissue) से अलग समझकर उनकी पहचान करती है। प्रतिरोधक क्षमता दो प्रकार की पाई जाती है (i) नेचुरल इम्यूनिटी [Natural Immunity] (ii) एडाप्टिव इम्यूनिटी [Adaptive Immunity]। Natural या स्वाभाविक प्रतिरोधक क्षमता के मुख्य अंग हैं त्वचा, आमाशय (stomach) में बने अम्ल व एंजाइम्स। Natural Immunity – नेचुरल इम्यूनिटी में पाए जाने वाले रसायानिक पदार्थ हैं इंटरफेरॉन (Interferon) Interlukin एडाप्टिव इम्यूनिटी [Adaptive Immunity] या एक्वायर्ड इम्यूनिटी [Acquired Immunity] का अर्थ है कि किसी नई बीमारी को पहले शरीर की Intelligence Process करे, समझे फिर उसके विरुद्ध एंटीबॉडीज [Antibodies] का निर्माण हो। ये एंटीबॉडीज वैक्सीन या दवा से शरीर में प्रवाहित की जा सकती हैं। उस नई बीमारी हेतु बनाई एंटीबॉडीज को पुनः शरीर का इम्यून सिस्टम [Immune System] याद रखे जिससे यदि पुनः उस बीमारी का शरीर में आगमन हो तब ये एंटीबॉडीज प्रतिरोध के लिए सजग रहें।

**लिंफ नोड [Lymph Node]**

यह छोटे सोय के दाने जैसे स्ट्रक्चर हैं [structure] जो उन कोशिकाओं का निर्माण करते हैं, जो शरीर में आई हुई बीमारी से लड़ती हैं। लिंफ नोड [Lymph Node] में लिंफ [Lymph] होता है, जो एक पारदर्शी तरल पदार्थ है, जो इन लड़ाकू कोशिकाओं को शरीर के विभिन्न अंगों में पहुँचाता है। प्रैक्टिकल गाइड फोर क्लिनिकल मेडिसिन फ्रॉम यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया [Practical Guide for Clinical Medicine from University of California]। जब भी मानव शरीर किसी बीमारी से संक्रमित होता है तब लिंफ नोड्स बड़े हो जाते हैं।

**स्प्लीन [Spleen]**

यह लिंफेटिक सिस्टम [Lymphatic System] का सबसे बड़ा अंग है। यह आमाशय के ऊपरी हिस्से में पाया जाता है। श्वेत रक्त कोशिकाएं, जो संक्रमण से लड़ती है, स्प्लीन [Spleen] में पाई जाती है। कितना रक्त शरीर में रहेगा, इसका नियंत्रण भी स्प्लीन द्वारा ही होता है।

**लिंफोसाइट्स [Lymphocytes]**

यह श्वेत रक्त कोशिकाएं ही मानव शरीर को बीमारी व संक्रमण से बचाती है। यह दो प्रकार की होती हैं B सेल्स और T सेल्स। b–cells एंटीबॉडीज बनाती है T सेल्स संक्रमित सेल्स को नष्ट करती है।

थायमस **[Thymus]** एक छोटा अंग है, जहां t–cells परिपक्व होती है, परंतु इस को अधिक महत्व नहीं दिया जाता है।

जन्मोपरांत हमारा भोजन ही वह विशेष उपलब्धि है, जो ऊर्जा से परिवर्तित होकर, शरीर को जीवन प्रदान करता है। भोजन ही एंजाइम्स व को–एंजाइम्स में परिवर्तित होता है, वह भोजन को पचा कर ऊर्जा में परिवर्तित करता है।

शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को पूर्ण रूप से विकसित करने में हमारे भोजन की अहम भूमिका है।

व्यायाम – नित्य 1 घंटे का व्यायाम शरीर की मांसपेशियों को मज़बूती प्रदान करता है। व्यायाम में २० मिनट दौड़ना या चलना, योगाभ्यास व वज़न (weights) को अवश्य सम्मिलित करें।

**कैसा भोजन खाएँ?**

प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाले फल एवं सब्जियां जूस वाले खट्टे मीठे फल जैसे अनार, संतरा, अन्नास, नींबू, चकोतरा इत्यादि।

चुकंदर, ब्रोकोली, पालक, अदरक, लहसुन, कच्ची हल्दी, आंवला। सभी रंगों की सब्जियों व फलों का सेवन करना उचित है।

सभी कच्ची सब्ज़ियों व फलों को चुटकी भर पोटेशियम परमेंग्रेट के लाल पानी में से धो कर अवश्य निकालें। ये सब्ज़ियों को बेक्टेरिया व वायरस से मुक्त रखता है।

**अनाज**

हम सब अधिकांश केवल गेहूं व चावल का सेवन करते हैं। प्रत्येक अनाज में भिन्न–भिन्न पौष्टिक पदार्थ हैं। हमें जौ, बाजरा, किनवा, चना भी अपने भोजन में उपयोग में लाना चाहिए।

**मेवा**

यदि वजन कम करना है तो मेवा कम खाएं। क्योंकि इसमें अधिक कैलोरी होती है।

**दालें**

शाकाहारी भोजन में दाल ही प्रोटीन का स्रोत है, सभी दालें खाई जानी चाहिए। छिलके दाल से समुची दाल अधिक लाभकारी है। हफ्ते में दो दिन समुची दाल का सेवन करें।

शुद्ध देसी घी का उपयोग कम मात्रा में अवश्य करें। ताज़ा बना भोजन ही ग्रहण करें।

**गुनगुना पानी**

ठंडे पानी से बचें। गुनगुने पानी का सेवन करें। यदि सवेरे उठकर बासी मुंह १ लीटर से १.५ लीटर पानी पी लेंगे तो सिरदर्द व कब्ज़ जैसी आम समस्या से छुटकारा पा सकते हैं।

आज के संदर्भ में गर्म पेय पदार्थ भी लाभकारी होंगे।




**'इतिहास खुद को दोहराता है'**

आम के पेड़ पर नई बौर आ रही थी। स्मरण हो आया दादी के आंगन में लगे आम के पेड़ पर कोयल बैठकर गाती थी। आज भी गा रही है, गीत वही बस कोयल नई है। दूध सा उजला रंग, ऊंचा कद, हल्के रंग की सूती धोती में लिपटे दादी के हाथ में सरौता सजता था। कट-कट की मध्यम ध्वनि से आभास होता था, उनके हाथ सुपाड़ी काट रहे हैं। हम दादी को घेरकर कहानी सुनाने की जिद करते। वह बोलतीं थोड़ा दूर बैठो। यूं तो मेरी मां मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर थीं लेकिन दादी के नियमों का अनुपालन पल्लू से सिर ढककर करती थीं। सुबह स्नान कर खाना बनातीं, माला जपतीं और दूर से थाली परोसतीं। खाना बनाने वाले को कोई छू नहीं सकता था। दादी कुछ देतीं तो दूर से। रुपये भी देतीं तो फेंककर। मैं मां से कहती कि क्यों दकियानूसी बात मान जाती हैं। दादी के दूरी बनाने का स्वभाव 1917 के महामारी के कारण था। दादी ने 10 वर्ष की उम्र में स्पैनिश फ्लू से 12 मिलियन लोगों को मरते देखा था। अदृश्य वायरस पानी के जहाज से अंग्रेजों के साथ आया था। दादी की वह दूरी और कुछ नहीं फिजिकल डिस्टेंसिंग थी। 1896-1939 के बीच प्लेग ने भी कइयों की जान ली थी। संचार की गति धीमी होने से फिजिकल डिस्टेंसिंग प्रचारित नहीं हो सकी। आज समाज सोचने पर मजबूर है कि पूर्वज सफाई को धर्म से जोड़कर गए, निशानी मूक रहकर भी बोलती है।

– प्रोफेसर संगीता श्रीवास्तव, कुलपति, प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) राज्य विश्वविद्यालय।

# वो सुबह कभी तो आयेगी..!




**सम्पादक मंडल**

**मुख्य सम्पादक**
प्रो० संगीता श्रीवास्तव, कुलपति

**सदस्य, सम्पादक मंडल**
डॉ शिवानी
डॉ अविनाश
श्री संतोष माथुर

– – – – – – – – –